# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 04.05.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. पांच राज्यों के चुनाव के वोटों की गिनती जारी, चुनाव आयोग के रूझानों में पश्चिम बंगाल में भाजपा, असम और पुडूचेरी में एनडीए को बढ़त, **तमिलनाडू में टीवीके.....और केरलम में यूडीएफ आगे।**
2. दुमका की एमपी–एमएलए विशेष अदालत ने सड़क जाम मामले में विधायक प्रदीप यादव को सुनाई एक साल की सजा, जमानत पर हुए रिहा, पूर्व विधायक रणधीर सिंह समेत अन्य सभी आरोपी बरी।
3. धनबाद में झालसा के निर्देश पर 90 दिवसीय आउटरीच कार्यक्रम की शुरूआत, कानूनी साक्षरता और जागरूकता बढ़ाना उद्‌देश्य।
4. जमशेदपुर के सुवर्णरखा नदी में एक महीने में चौथी बार मिली हजारों मरी हुई मछलियां, विधायक सरयू राय ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, टाटा स्टील और नगर निकाय से की जांच की मांग।
5. जामताड़ा की दिवांशी हेंब्रम मलेशिया में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय एयरगन शूटिंग में भारत का करेंगी प्रतिनिधित्व ।

और अब समाचार विस्तार से

****************************

पश्चिम बंगाल समेत पांच राज्यों के चुनाव के वोटों की गिनती आज सुबह 8 बजे से जारी है । चुनाव आयोग के मुताबिक अबतक के रूझानों में पश्चिम बंगाल में भाजपा की बढ़त बरकरार है । इधर असम और पुडुचेरी में भी रूझानों में एनडीए ने बढ़त बनाई है । जबकि तमिलनाडू में टीवीके और केरलम में यूडीएफ रूझानों में आगे चल रही है ।

****************************

दुमका की एमपी–एमएलए विशेष अदालत ने करीब 16 वर्ष पुराने सड़क जाम मामले में आज अहम फैसला सुनाते हुए कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव को एक वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। हालांकि, सजा के तुरंत बाद अदालत ने उन्हें सशर्त जमानत दे दी। वहीं, साक्ष्य के अभाव में पूर्व भाजपा विधायक रणधीर सिंह समेत अन्य सभी आरोपियों को बरी कर दिया गया। विशेष न्यायाधीश सह एसडीजेएम मोहित चौधरी की अदालत में सुनवाई के दौरान सभी आरोपी उपस्थित थे।

****************************

झारखंड में सहायक प्राध्यापक नियुक्ति प्रक्रिया में आठ वर्षों से हो रही देरी को लेकर पंचपरगनिया, हो और समाजशास्त्र विषय के अभ्यर्थियों के प्रतिनिधिमंडल ने नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी से मुलाकात की और अपनी समस्याएं रखीं। उन्होंने कहा कि नियुक्ति प्रक्रिया पूरी नहीं होने से हजारों अभ्यर्थियों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। श्री मरांडी ने मामले को सरकार के समक्ष प्रमुखता से उठाने और शीघ्र समाधान के प्रयास का आश्वासन दिया ।

****************************

चतरा के उपायुक्त रवि आनंद और पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी ने आज सुबह मंडल कारा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कारा में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की कार्यकुशलता की जांच के साथ ही पेट्रोलिंग और आने जाने वालों के रजिस्टर को सटीक और अपडेट रखने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कहा कि मंडल कारा में निरंतर निगरानी और आवश्यक सकारात्मक सुधार का निर्देश दिया गया है।

***********************

सरायकेला में मोबाइल की रोशनी में ऑपरेशन और जच्चा– बच्चा की मौत मामले पर प्रदेश भाजपा ने राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं । प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदित्य साहू ने दोषी चिकित्सकों पर कार्रवाई की मांग की है

***********************

सरायकेला–खरसावां जिले के राजनगर प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दो दिन पूर्व प्रसव के दौरान जच्चा–बच्चा की हुई मौत के मामले को प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। उपायुक्त नीतीश कुमार सिंह के निर्देश पर घटना की जांच के लिए एक विशेष कमेटी का गठन किया गया है। यह जांच कमेटी आज दोपहर राजनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचेगी और पूरे मामले की बारीकी से पड़ताल करेगी। कमेटी में सरायकेला के अनुमंडल पदाधिकारी अभिनव प्रकाश सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी शामिल हैं ।

***********************

झारखंड राज्य विधिक प्राधिकरण के निर्देश पर लोगों में कानूनी साक्षरता और जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कल धनबाद में 90 दिवसीय व्यापक आउटरीच कार्यक्रम की शुरुआत की गई। प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, डालसा दुर्गेश चंद्र अवस्थी ने बताया कि 90 दिनों तक न्यायिक पदाधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम हर एक क्षेत्र में जाकर कानूनी जागरूकता फैलाएगी।

***********************

झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड ने राज्य में बिजली चोरी की बढ़ी घटनाओं पर सख्त रूख अपनाया है। पिछले सप्ताह चलाए राज्य व्यापी अभियान में 538 बिजली चोरी के मामले सामने आए। रांची जोन के जीएम मनमोहन कुमार ने बताया कि लगातार तीसरी बार बिजली चोरी करते पकड़े गए उपभोक्ताओं को दोबारा कनेक्शन नहीं दिया जाएगा।

***********************

जमशेदपुर में शहर के नदी–जलाशयों में मछलियों के मरने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। सोनारी स्थित सुवर्णरखा नदी के डोथो पुल के पास हजारों मरी हुई मछलियां पाई गई। एक महीने में यह चाथी घटना है। जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और उन्होंने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, टाटा स्टील और नगर निकाय से मामले की जांच कराने की मांग की।

***********************

घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांकों में आज सुबह के कारोबार में एक प्रतिशत की बढ़त देखी गई। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और प्रमुख राज्यों में विधानसभा चुनाव के शुरुआती रुझानों से इन सूचकांकों को मजबूती मिली। समाचार मिलने तक सेंसेक्स 808 अंक उछलकर 77 हजार सात सौ 21 पर जबकि निफ्टी 243 अंक की वृद्धि के साथ 24 हजार दो सौ 40 पर था।

***********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 39 हजार 500 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 51 हजार रूपये प्रति किलो है।

**********************

यूपीआई पेमेंट के 10 वर्ष पूरे होने के अवसर पर जमशेदपुर में लोगों के बीच खासा उत्साह देखा जा रहा है। शहरवासियों का मानना है कि प्रधानमंत्री की इस दूरदर्शी पहल का सकारात्मक असर अब साफ तौर पर नजर आ रहा है। लोगों का कहना है कि इसके माध्यम से न केवल लेन–देन आसान और तेज हुआ है, बल्कि इससे पारदर्शिता भी बढ़ी है ।

**********************

जामताड़ा जिले के कुंडहित प्रखंड की प्रतिभाशाली खिलाड़ी दिवांशी हेंब्रम अंतर्राष्ट्रीय एयरगन राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। यह प्रतियोगिता आज से 7 मई तक मलेशिया में आयोजित होगी।, जिसमें भारतीय टीम के 14 सदस्यीय दल में दिवांशी का चयन हुआ है । जिला ओलंपिक संघ के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट दीपक दुबे ने बताया कि जनवरी में गोवा में आयोजित राष्ट्रीय राइफल शूटिंग एयर गन प्रतियोगिता में दिवांशी स्वर्ण पदक प्राप्त कर भारतीय टीम में जगह बनाने में कामयाब हुई थी।

**********************

हजारीबाग आवासीय बालिका सेंटर बैडमिंटन, एथलेटिक्स, एवं फुटबॉल खेल के लिए प्रतिभा चयन कर्जन स्टेडियम हजारीबाग में 11 से 12 मई तक होगा। राज्य के सभी जिले के 10 वर्ष से 14 वर्ष के इच्छुक बालिका प्रतिभागी इसमें भाग ले सकती हैं । साथ में आधार कार्ड जन्म प्रमाण पत्र एवं स्कूल से संबंधित कोई दस्तावेज होना अनिवार्य है।

*********समाप्त*************